# Principles of Community mental health :→

Community mental health Services के कुछ प्रमुख principles (नियम) है जो इसप्रकार हैं।—

1) **Person Centredness** → जब किसी भी व्यक्ति को निदान तथा उपचार की आवश्यकता होती है तो सबसे पहला नियम हैं उसके साथ एक विश्वासपूर्ण संबंध (Trusting relationship) को विकसित करना तथा उसे बनाए रखना।

2) **Accessibility** → Services इस तरह से संगठित होने चाहिए कि इस तक पहुँचना आसान हो, यह सबके लिए आसान समझ रखता हो साथ ही हर जगह तक पहुँचने योग्य होना चाहिए।

3) **Comprehensiveness** → समुदाय मानसिक स्वास्थ्य का कार्य क्षेत्र व्यापक स्तर पर हो ताकि व्यक्ति की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके और साथ ही स्वास्थ्य लाभ के अधिक से अधिक अवसरों की प्राप्ति हो सके।

4) **Effectiveness** → व्यक्ति के स्वास्थ्य लाभ से संबंधित सकारात्मक परिणाम की प्राप्ति के लिए Services को सबूत पर आधारित, गुणवत्ता मानक के आधार पर लागु होना चाहिए।

Scanned by TapScanner

5) Family Involvement → परिवार तथा दोस्त चिकित्सा पद्धति में बेहतर परिणाम की प्राप्ति के लिए सम्मिलित होना चाहिए। शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य की समझ तथा भागीदारी साथ परिवार का साथ ही चिकित्सा को प्रभावपूर्ण बनाता है।

6) Efficient use of resources :→ चिकित्सा के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन की उपलब्धता हमेशा नही हो पाती है। अतः यह आवश्यक होता है कि संसाधन की पर्याप्तता को देखते हुए ही उसका सही उपयोग किया जाए

7) Relationships :→ कई अध्ययनों के परिणामस्वरुप यह पाया गया है कि किसी भी चिकित्सा का आधार चिकित्सा का लाभ लेने वाले तथा चिकित्सा देने वाले के बीच के संबंध पर निर्भर करता है। इन दोनों के बीच का संबंध, आपसी समझ, पारस्परिकता तथा अच्छे रागात्मक (good rapport) संबंध पर आधारित होना चाहिए।

8) Advocacy :→ मानसिक ~~अस्वस्थ~~ अस्वस्थ्य व्यक्ति अपने अधिकारो के प्रति आवाज नही उठा पाते है। ऐसे व्यक्तियों की अधिकारो की रक्षा उनके परिवार, दोस्त तथा पेशेवर के द्वारा वकालत की भूमिका निभा के की जाती है।

9) Evidence based practice and Values :→ चिकित्सा के कई प्रकार है जो मानसिक बिमारी के लिए काफी प्रभावपूर्ण होता है। Community mental health के अन्तर्गत एक जगह पर सभी तरह की चिकित्सा की जानकारी चिकित्सा प्राप्त करने वाले को दी जानी चाहिए ताकि उन्हें इसकी पर्याप्त ज्ञान हो जाए। इससे वह अपने बीमारी से संबंधित सही चिकित्सा का चयन कर पाते है।

अतः Community mental health के कई नियम है जो इसे और मजबूत बनाती है।

Scanned by TapScanner